लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3802
11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

3802. श्री राजकुमार चाहर:
डॉ. संजय जायसवाल:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत अधिग्रहीत की गई भूमि, निवेश हेतु प्राप्त किए गए प्रस्तावों और सृजित अवसंरचना का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के माध्यम से सृजित होने वाले संभावित रोजगार का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) स्वीकृत पीएम मित्र पार्कों को कार्यशील बनाने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ) : वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 तक की अवधि के लिए ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से 7 (Seven) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (PM-MITRA) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार ने PM MITRA पार्कों की स्थापना के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है। पूरा होने के बाद, प्रत्येक पीएम मित्र पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार (1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष) सृजित होने का अनुमान है।

वर्तमान में, सभी राज्यों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं और सभी साइटों के लिए 100% भूमि का अधिग्रहण किया गया है। सभी PM MITRA पार्कों के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त हो गई है। सभी 5 ग्रीनफील्ड साइटों के लिए संयुक्त उद्यम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और SPV को शामिल किया गया है। सभी 7 राज्यों के लिए 13,537 करोड़ रुपये की DPR को अंतिम रूप दिया गया है। पीएम मित्र राज्यों द्वारा अब तक 68,590 करोड़ रुपये की निवेश अभिरूचि प्राप्त की गई है।

अधिग्रहित/उपलब्ध भूमि का राज्य-वार विवरण, योजना के तहत प्राप्त निवेश प्रस्ताव अनुबंध में दिए गए हैं।

अनुबंध

क्र. सं.	राज्य	पार्क का प्रकार	उपलब्ध भूमि (एकड़)	निवेश ब्याज (करोड़ रु. में)	आंतरिक अवसंरचना		बाहरी अवसंरचना
					पूरा किया गया कार्य	क्रियान्वयन के अधीन	राज्य सरकार द्वारा किया गया व्यय (करोड़ रुपए में)
1.	मध्य प्रदेश	ग्रीनफील्ड	2158	19,846	62	681	94.06
2.	तमिलनाडु	ग्रीनफील्ड	1052	2,067.90	21	346	34.80
3.	गुजरात	ग्रीनफील्ड	1000	13,094	6	-	196.22
4.	कर्नाटक	ग्रीनफील्ड	1142	1,700	-	-	95.39
5.	उत्तर प्रदेश	ग्रीनफील्ड	1000	5,354	23	5	220.69
6.	तेलंगाना	ब्राउनफील्ड	1020	3,800	300	165	123.93
7.	महाराष्ट्र	ब्राउनफील्ड	1327	12,000	112	-	32.21

***